हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–132 : जौनपुर, मंगलवार 12 जुलाई 2022 सान्ध्य दैनिक (संस्करण) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

सुरक्षा में सेंध लगाने की कोशिश करती थीं पहले की सरकारें –मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की आवश्यकता होती है हमने पिछले पांच साल में पुलिस व पीएसी में 162000 जवानों की भर्ती की। पूर्ववर्ती सरकारों ने पीएसी बल को समाप्त करने का कुत्सित प्रयास किया। 54 कंपनी पीएसी समाप्त कर दी गयी थी। प्रदेश की सुरक्षा को सेंध लगाने का की कोशिश की जा रही थी। इन जवानों को पुलिस बल का हिस्सा बनने से रोकने का प्रयास किया जा रहा था। हमने उनकी नियुक्ति का रास्ता साफ किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को लखनऊ की पुलिस लाइन में आयोजित दीक्षांत परेड में परेड की सलामी लेने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 2017 में जब प्रदेश में नई सरकार का गठन हुआ था। उस समय उत्तर प्रदेश पुलिस बल में भारी संख्या में पुलिस और पीएसी के पदों की भर्ती लंबित थी। हमने भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाया और 162000 भर्ती की और प्रशिक्षण के काम को आगे बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2018 में चयनित 15787 पीएससी रिक्रूटमेंट भारत प्रशिक्षण जनवरी 2022 में प्रारंभ हुआ था। 6 माह के अपने सफलतम प्रशिक्षण के कारण आज प्रदेश के 87 केंद्रों में दीक्षांत परेड का आयोजन किया जा रहा है। मैं इस अवसर पर उत्तर

प्रदेश पुलिस परीक्षा उत्तीरर्ण करने के लिए सभी बहादुर जवानों का ह्रदय से स्वागत करता हूं। प्रदेश में न सिर्फ भर्ती प्रकिया को समय से पूरा किया गया है बल्कि कार्यरत पुलिसकर्मियों को भी समय से पदोन्नत भी किया जा रहा है जिससे कि वो बढ़े हुए मनोबल के साथ काम कर सकें। पदोन्नति प्रक्रिया कई वर्षों से अटकी हुई थी जिसे भाजपा की सरकार आने के बाद आगे बढ़ाया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस कर्मियों के लिए अच्छी आवासीय सुविधाएं नहीं थीं। उनके लिए बैरक थे। प्रशिक्षण के लिए सुविधाओं का अभाव था। आज मुझे बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि उत्तर प्रदेश पुलिस के सभी साथियों की सुविधाओं के लिए बैरक और आवासीय सुविधाओं को बेहतर बनाने की कार्रवाई की गई है।

जिलाधिकारी द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर तैयारियों के संदर्भ में की गई समीक्षा बैठक

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के संदर्भ में की तैयारियों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा नोडल विभागों के द्वारा की गई तैयारियों के सम्बंध में बारी–बारी से जानकारी ली और जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार को निर्देश दिया कि विभागों को लिखित में लक्ष्य दिया जाए। उन्होंने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष में प्रदेश के सभी घरों, कार्यालयों, शैक्षणिक, व्यवसायिक, वाणिज्यिक एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों आदि पर 11 से 17 अगस्त तक शासन की मंशा के अनुरूप तिरंगा झंडा पर फहराना है और जनपद को 10 लाख तिरंगा झंडा लगाए जाने का लक्ष्य मिला है। जिलाधिकारी ने कहा कि तिरंगे झंडे को मानक के अनुसार तैयार कराते हुए प्रत्येक दशा में लक्ष्य पूर्ण करें। उन्होंने सभी से अपील की है कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम में

स्वैच्छिक भूमिका निभाएं और इस पावन कार्य में भागीदारी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, उपायुक्त मनरेगा भूपेंद्र सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

रिक्रूट जवानों को एडीजी जोन ने दिलायी सपथ

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर 247 पीएसी रिक्रूट जवानों की दीक्षांत समारोह के पासिंग आउट परेड के मुख्य अतिथि को परेड कमांडर राधवेंद्र सहानी ने एडीजी जोन अखिल कुमार को पासिंग आउट परेड कमांडर राधवेंद्र सहानी ने परेड की सलामी

दिलाया।सर्वोच्च कैडेट अभिषेक राय सहित परेड कमांडर राधवेंद्र सहानी सहित ट्रेनिग के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले कैडेटों को एडीजी जोन ने पुरस्कृत किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर पुलिस अध ीक्षक नगर कृष्ण बिश्नोई पुलिस अधीक्षक लाइन राहुल भाटी सीओ एलआईयू पंकज राहुल सीओ लाइन प्रशाली गंगवार सीओ ट्रैफिक जय प्रताप सिंह सहित अन्य गणमान्य अतिथि तथा आरटीसी प्रभारी मृत्युंजय राय आर आई हरिशंकर सिंह मौजूद रहे।

रिजर्व पुलिस लाइन्स में रिक्रूट आरक्षियों का प्रशिक्षणोंपरांत परेड का आयोजन सम्पन्न

उमाकान्त श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ शाहजहाँपुर : मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन में आरक्षी पी0 ए0 सी0 पुलिस का प्रशिक्षण करने वाले 211 रिक्रूट आरक्षियों के सभी प्रशिक्षणों में उत्तीर्ण होने पर रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षणों परांत दीक्षान्त परेड के साथ समापन हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद अरुण कुमार सागर मौजूद रहे । मंगलवार की सुबह रिक्रूट आरक्षियों का सेरिमोनियल परेड ग्राउण्ड में प्रवेश करने के कुछ देर बाद मुख्य अतिथि ने सलामी लेकर परेड का अभिवादन स्वीकार किया । मुख्य अतिथि ने रिक्रूट आरक्षियों को पद एवं गोपनीयता के साथ – साथ सदैव कर्तव्यनिष्ठा , ईमानदारी व निष्पक्षता से सेवा करने की शपथ दिलायी । इस मौके पर पुलिस अध ीक्षक एस आनन्द , पुलिस अधीक्षक नगर / ग्रामीण , पुलिस उपाधीक्षकगण एवँ प्रशासनिक अधिकारीगण , प्रतिसार निरीक्षक , आर टी सी प्रभारी / प्रशिक्षक स्टॉफ तथा थाना प्रभारीगण उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक एस0 आनन्द के कुशल निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन में प्रशिक्षणरत आरक्षियों को ऑटोमेटिक शस्त्रों , फील्ड क्राफ्ट एवं उच्चकोटि का शारीरिक प्रशिक्षण दिया गया तथा रिक्रूट आरक्षियों को उनके कर्तव्यों का निर्वहन करने के संबंध में आवश्यक दिशा – निर्देश देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाईयॉ दी गयी । आर टी सी रिजर्व पुलिस लाइन्स में प्रशिक्षणरत रिक्रूट आरक्षियों का 06 माह के गहन प्रशिक्षण के बाद अन्तिम परीक्षायें सम्पन्न करायी गयी । जिनमें रिक्रूट आरक्षीगण आशीष मिश्रा ,

अमरीश कुमार , आदेश कुमार , संजय सिंह , लुकेश कुमार को सर्वोच्च अंक / सराहनीय कार्य करने पर पुरस्कृत किया गया। वहीँ आरक्षी ऋषिपाल को आईटी / पीटी में सर्वोच्च कैडिट , इसराज खां को शस्त्र प्रशिक्षण में सर्वोच्च कैडिट , निलेश कुमार को फील्ड क्राफ्ट ध्भीड़ नियन्त्रण में सर्वोच्च कैडिट , विवेक कुमार को योगासन में सर्वोच्च कैडिट एवँ राहुल कुमार को बाह्य / अन्त विषय एवं साक्षात्कार में सर्वांग सर्वोत्तम होने पर सम्मानित किया गया। जनपद में 13 जनवरी को आर टी सी प्रारम्भ हुई थी। जिसमें कुल 211 प्रशिक्षु आरक्षियों के प्रशिक्षण की समाप्ति के बाद आन्तरिक विषय व बाह्य विषय की अन्तिम परीक्षाएं होने के बाद सभी प्रशिक्षु आरक्षी उत्तीर्ण हुए । उत्तीर्ण विद्यार्थियों की दीक्षान्त परेड के बाद पुलिस अधीक्षक ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया ।

वृक्ष धरा पर जीवन देकर सबका विकास विकास करते हैं –डॉक्टर सुशील चन्द्र त्रिवेदी

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : वृक्ष धरा पर जीवन देता है । जहां श्वसन के लिये जीवनदायिनी आक्सीजन देकर प्रत्येक जीवधारी को जीवन प्रदान करते है । वही दूसरी शरीरिक विकास और जीवनयापन के फल,सब्जी , आवाज, दलहन, मसाले आदि विभिन्न रूप मे पुष्ट करने का कार्य करते है। स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिये औषधीय गुण उत्पाद कर सुरक्षित रखते हैं। फर्नीचर,यातायात, भवन आदि भौतिक संसाधन के निर्माण हेतु लकड़ी देकर समृद्ध बनाते हैं।उक्त विचार सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान के संस्थापक प्रबन्धक डॉ. सुशील चन्द्र त्रिवेदीष्मधुपेश जी के निर्देशानुसार आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम मे संस्थान के निदेशक डा.शीर्षेन्दु शील ष विपिनष ने व्यक्त किये। संस्थान द्वारा संचालित डॉ.राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय, परिसर मे 200, सा.शि.सं. इण्टर कालेज में 150, श्री बाबूराम त्रिवेदी सरस्वती शिशु मन्दिर मे 150, तथा

वृद्धाश्रम अल्लीपुर हरदोई मे 100 आम, जामुन, अमरूद , नीम आदि के कुल 600 पौधे रोपित किये गये। इस अवसर प्रकल्पो के कार्यकर्ताओ और लाभार्थियो ने एक पौधे को स्थापित कर गोदकर उसके पालन और संरक्षण की जिम्मेदारी का संकल्प लिया । इस अवसर पर डॉ शशिकांत पांडेय, डॉ.रश्मि द्विवेदी, श्रीमती पूर्णिमा , रामसुमर जी, पारूल गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

शिक्षक समस्याओं को लेकर शिक्षक संघ ने दिया ज्ञापन

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : शिक्षकों के उपार्जित अवकाश व एरियर भुगतान को लेकर आज उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष राजबख्श मौर्य, मंत्री शिव नरायन वर्मा के नेतृत्व में संघ ने खण्ड शिक्षा अधिकारी बल्दीराय मनोजीत राव को एक ज्ञापन सौंपा। प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक मंत्री शिव नरायन वर्मा ने बताया कि विभागीय आदेश के क्रम में परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों धशिक्षिकाओं को

प्रत्येक कैलेंडर वर्ष में एक दिन का उपार्जित अवकाश अनुमन्य किया गया है। जो अभी तक ब्लाक के शिक्षकों का प्रेरणा पोर्टल पर अभी दर्ज नही किया गया है, जिसे नियमानुसार दर्ज किया जाए। तत्पश्चात कई शिक्षकों का अभी भी ब्लाक स्तर पर एरियर भुगतान की फाइल पेंडिंग पड़ी हुई है, जिसे निस्तारित करते हुए लेखा को प्रेषित किया जाय। बीईओ मनोजीत राव ने संगठन को आश्वस्त किया कि शिक्षकों के एरियर से संबंधित आज तक की संपूर्ण पत्रावली को लेखा भेज दिया गया है और उपार्जित अवकाश सहित सभी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन महोदय ने दिया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष हरिश्याम मौर्य, ब्लाक उपाध्यक्ष अवधेश तिवारी, नित्यानंद पांडे, बजरंग मौर्य, लाल साहब गौतम, संजय राणा, राम भवन कनौजिया,आलोक पाठक, अजय सिंह गौतम, लालू प्रसाद, संगठन मंत्री अनिल वर्मा, राज कुमार, राम मूर्ति गुप्ता, अवदेश सिंह, शैलेंद्र मिश्रा, दिनेश कुमार सरोज आदि मौजूद रहे।

सावन की तैयारी में जुटी पुलिस : श्रद्धालुओं की सुरक्षा की फुलप्रूफ है तैयारी

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : सावन मास 14 जुलाई से शुरू हो रहा है। 18 जुलाई को सावन का पहला सोमवार हैध। ऐसे में राजघाट वध मेहंदी घाट से गोला गोकरण नाथ छोटी काशी में शिव के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ हरदोई, संडीला, सकाहा,हत्याहरण,सवायजपुर, दिवियापुर,शिवालय हुसेनापुर ध ौकल, हरैया ,पडरवा किला , डर्रा ,जाजू पारा व जहानीखेड़ा नेशनल हाईवे, लखनऊ शाहजहांपुर हाई वे होकर जाएंगे।इसे नियंत्रित करने और सुगमतापूर्वक शिव मंदिर दर्शन करने के लिए एडिशनल एसपी दुर्गेश कुमार सिंह ने पुलिस को फुल प्रूफ तैयारियां करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में एडिशनल दुर्गेश कुमार सिंह ने विस्तारपूर्वक जानकारी दी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा में पुलिस विभाग हर समय मुस्तैद रहेगी। चाक–चौबंद रहेगी सुरक्षा बताया कि इस वर्ष सावन मास 14 जुलाई से शुरू हो रहा है। 18 जुलाई को पहला सोमवार है जिसे देखते हुए अंर्तविभागीय कॉर्डिनेशन हमने पूरा कर लिया है। साफ–सफाई की व्यवस्था, मार्गों की व्यवस्था, बिजली के खम्भों में करंट न उतरे इसकी व्यवस्था और मंदिर के आस–पास जहां बैरिकेडिंग होनी है उसे चिह्नित कर कार्य शुरू कर दिया गया है। हमारे पास पर्याप्त पुलिस बल मौजूद है। इसके अलावा हम सभी इस वर्ष तैयार हैं कि गोला छोटीकाशी

धाम के दर्शन के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु आएंगे क्योंकि कोरोना काल के बाद दो वर्षों पर बिना किसी बंदिश के दर्शन सुलभ होंगे। इसे देखते हुए जितनी भी आवश्यक व्यवस्थाएं थीं, वह पूरी कर ली गई हैं। इस बार के सावन में चार सोमवार। सावन महीने की शुरुआत इस वर्ष 14 जुलाई से होगी। इस बार सावन में चार सोमवार पड़ेंगे। पहला सोमवार 18 जुलाई को है. सात विशिष्ट योग में रवि योग तीन बार बनेगा। शेष चार योग अलग–अलग दिन बनेंगे। दूसरा सोमवार 25 जुलाई को रहेगा। सोम प्रदोष होने के कारण दूसरे सोमवार का विशेष महत्व हो गया है। 8 अगस्त को चौथा सोमवार पुत्रदा एकादशी को पड़ेगा।

अनियमित स्थानांतरण के विरोध में चौदह को होगा धरना : तैयारी की बैठक सम्पन्न

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश ने स्वास्थ्य महानिदेशालय द्वारा किए गए अनियमित स्थानांतरण को निरस्त करने की मांग को लेकर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद द्वारा घोषित महानिदेशालय पर धरने की तैयारी को लेकर आज बलरामपुर चिकित्सालय में जनपद शाखा की बैठक जिला अध यक्ष सुभाष श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के सभी संवर्गों के पदाधिकारी उपस्थित थे । सभी ने कहा कि 14 को स्वास्थ्य महानिदेशालय पर विशाल ध ारना सम्पन्न होगा । आज लखनऊ जनपद के विभिन्न चिकित्सालयों में परिषद के पदाधिकारियों की अलग अलग टीम ने भ्रमण किया और कर्मचारियों से सम्पर्क किया बैठक में कल के लिए भी भ्रमण टीम का गठन किया गया। पदाधिकारियों ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि पिछली गलतियों से सबक न लेते हुए एक बार पुनः स्वास्थ्य महानिदेशालय द्वारा स्थानांतरण को कमाई का साधन बनाते हुए अनैतिक रूप से जल्दबाजी में स्थानांतरण सूची जारी की गई है, जो निरस्त होने योग्य है । बैठक में परिषद के महामंत्री अतुल मिश्रा ने कहा कि स्वास्थ्य महानिदेशालय द्वारा कल स्थानांतरण की अंतिम तारीख के बाद विभिन्न संवर्गों के स्थानांतरण की सूची जारी की गई । समायोजन के नाम पर भी स्थानांतरण किया गया है, बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश रावत ने कहा कि कुछ पदाधिकारियों के भी स्थानांतरण किए गए, कई पदाधिकारियों का समायोजन अन्यत्र जनपद कर

दिया गया। दांपत्य नीति से आच्छादित कार्मिकों को नीति विरुद्ध तरीके से दूरस्थ जनपदों में अलग–अलग भेजा गया । ऐसा लगता ही नहीं कि यह स्थानांतरण है बल्कि ऐसा प्रतीत होता है कि धन कमाने की लालसा से किया गया कृत्य है, जिसे बाद में संशोधन करने के नाम पर कर्मचारियों का दोहन किया जाएगा परिषद ने महानिदेशक से तत्काल सूची को निरस्त करने की मांग की है । साथ ही निरस्त ना होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी भी दी है। बैठक में परिषद के संगठन प्रमुख के के सचान प्रमुख उपाध्यक्ष सुनील यादव जी एम सिंह प्रदेश अध्यक्ष ऑप्टॉमट्रिस्ट एसो जनपद मंत्री संजय पांडेय , महेश प्रसाद अध्यक्ष लैब टेक्निशयन संतोष जौहरी अरविंद गुप्ता दिनेश कुमार जे के निगम राम प्रसाद राजेश चौधरी डी डी त्रिपाठी राजीव तिवारी कमल श्रीवास्तव सुनील यादव लैब टेक्निशयन योगेश उपाध्याय भानु आदि उपस्थित थे ।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

जीवन में मेरा–मेरा करके मर जानें से बेहतर है तेरा–तेरा करके तैर जाना।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

सम्पादकीय

प्राकृतिक विकास : भविष्य की कोख में बंजरता के बीज

जब तक विज्ञान हमारे धर्म–दर्शन का अभिन्न अंग था, उसका स्वरूप मानव कल्याण वाला ही था। जब से विज्ञान को आर्थिकी की पीठ पर बैठा दिया गया, इसका उद्देश्य प्रकृति दोहन पर आधारित आर्थिक वृद्धि तक सीमित रह गया।

मानव सभ्यता ने प्राकृतिक विकास की एक ऐसी स्थिति प्राप्त कर ली है, जहां मानव प्रजाति का संपूर्ण जीवन और सारे जीवित ग्रह पर नियंत्रण है। संपूर्ण जैवमंडल, ग्रह, यहां तक कि श्अपराजेयश ब्रह्मांड भी अब मानव जाति की हिरासत में है। किसी एक जीव का इतना विराट वर्चस्व! क्या यह प्राकृतिक विकास का लक्ष्य था? शारीरिक शक्ति में अनेक प्रजातियों से निर्बल होने पर भी सारे जीवों के नियंता के रूप में अस्तित्व में आए मानव के विकास की गाथा के केंद्र में है उसकी बुद्धि की अद्भुत क्षमताएं और उसके नट–बोल्ट कलाओं वाले हाथों की रचनाएं।

मानव ने पृथ्वी के जैवमंडल के इतर एक विराट अंतरिक्ष क्षेत्र में अपना अस्तित्व जमा लिया है, जिसे हम मानव प्रभा मंडल अथवा बौद्धिक मंडल कह सकते हैं। नक्षत्रों, ग्रहों, चंद्रमाओं और क्षुद्र ग्रहों से लेकर ब्लैकहोल तक की खोजें हमने कर ली हैं। इन उपलब्धियों के उपरांत भी हम संतृप्त नहीं हुए, इसलिए अपने बौद्धिक मंडल की परिधि बढ़ाते जा रहे हैं। और संभवतः निकट भविष्य में हमारा प्रभा मंडल ब्रह्मांड की अनंतता तक विस्तार ले लेगा।

मानव की ऐसी अकूत प्रगति में सबसे बड़ा हाथ रहा है उसी के द्वारा आविष्कृत और विकसित विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का।

दोनों का एक ही लक्ष्य रहा है रू प्रकृति और प्राकृतिक संसाधनों का अधिकतम दोहन। आर्थिक वृद्धि को उच्चतम स्तर पर ले जाने के लिए अंधाधुंध प्रतिस्पर्धा चली, तो प्रकृति का विनाश चरम की और बढ़ता चला गया। लाखों–करोड़ों वर्षों में अस्तित्व में आए और समय के साथ पौधों, जंतुओं और सूक्ष्म जीवों की असंख्य प्रजातियों से वैभव पर पहुंचे पृथ्वी के जीवन से जुड़े पवित्रता के भाव विज्ञान और प्रौद्योगिकी ने तार–तार कर दिए हैं। निष्ठा, परोपकार, नैतिकता आदि से विज्ञान और प्रौद्योगिकी का कोई सरोकार नहीं। सरोकार है तो बस अधिकतम दोहन, अधिकतम आर्थिक वृद्धि, अधिकतम प्रदूषण से।

विज्ञान के वे पहलू मानव सभ्यता में समावेशित होने चाहिए, जो कल्पनाओं को पंख देने में सहायक हैं, जो एक गहरे और सकारात्मक जीवन–दर्शन के साथ गुंथे हुए हैं। विज्ञान और प्रौद्योगिकी का वह स्वरूप स्वीकार्य है, जो हमें ब्रह्मांड की गुत्थियों को सुलझाने में सहायता करे, दूसरे ग्रहों पर जीवन का प्रादुर्भाव कर सके। जब तक विज्ञान हमारे धर्म–दर्शन का अभिन्न अंग था, उसका स्वरूप प्रकृति संवर्धन और मानव कल्याण वाला ही था। जब से विज्ञान को आर्थिकी की पीठ पर बैठा दिया गया, इसका उद्देश्य प्रकृति दोहन पर आधारित आर्थिक वृद्धि तक सीमित रह गया, और सामाजिक–आर्थिक विषमताओं से लेकर अंतरराष्ट्रीय तनावों और प्रचंड युद्धों तक इसकी बढ़–चढ़कर भूमिका रही। अगर विज्ञान का काम मानव की सेवा करना था, मानव कल्पनाओं को पोषित करना था, कला और दर्शन को समृद्ध करना था, तो वह जीवन–विनाशक कैसे हो गया?

प्रश्न यह है कि हमारी वर्तमान सभ्यता की प्रसन्नता का स्तर कितना ऊंचा है। किसी व्यक्ति, समूह, समाज, राष्ट्र और सभ्यता की उत्कृष्टतम उपलब्धि क्या है? यदि विज्ञान और प्रौद्योगिकी ही सर्वोत्तम उपलब्धि के मानक होते, तो यह दुनिया खुशहाली के चरम पर होती। भूख, प्यास, कुपोषण, महामारियों, युद्धों, आतंकवाद और ईर्ष्या–द्वेष–वैमनस्य के साये में मर–खप रही दुनिया में कहीं भी आनंद की कोई लहर दिखाई पड़ती है? भविष्य की कोख में बंजरता के बीज हैं!

यदि कोई सभ्यता सही दर्शन को विकसित नहीं करती, उसका अनुसरण नहीं करती और उसको विस्तार नहीं देती, तो वह अपनी खुशियों को अक्षुण्ण नहीं रख सकती। ऐसी सभ्यता क्षुद्र लक्ष्यों को प्राप्त करने का सहारा लेती है तथा अपनी गहनता के साथ अस्तित्व में नहीं रहती। यदि कोई सभ्यता ऐसे दर्शन का अनुसरण करती है, जो जीवंत सामाजिक–सांस्कृतिक संस्थानों, ज्ञान, आध्यात्मिकता, रचनात्मकता, सौंदर्य, और स्वतंत्रता में योगदान दे, तो यह निश्चित है कि वह निरंतर और अंतहीन रूप से जीवनदायिनी सुखों और खुशियों के बीच खिलती रहेगी।

जीवट भरी सभ्यता वही होती है, जो प्रफुल्लताओं से ओतप्रोत वातावरण में फूलती–फलती है। भारतीय सनातन सभ्यता के सहस्राब्दियों से अनवरत अपनी आभा फैलाने के पीछे सबसे बड़ा कारण यही है कि हमने जिस गहरे ज्ञान की सर्जना की है, वह स्वयं में आंनद का अकूत स्रोत है। आए दिन पर्व मनाना, पौधों और जंतुओं से लेकर मिट्टी, पर्वत, नदियों और सूर्य के प्रति पवित्रता के भाव और जीवन का जयकारा करने वाले सनातन धर्म की नींव पर अटल खड़ा और दुनिया को ज्ञान मंत्र देने वाला भारत स्वयं में पृथ्वी और ब्रह्मांड की सबसे अद्भुत, प्रेरणा–भरी और जीवटता का संचार करने वाली गौरव गाथा है।

यदि विज्ञान प्रकृति–विनाशक रूप में रहा होता, तो भारतीय सभ्यता का भी वही हाल हुआ होता, जो अन्य सभी विलुप्त सभ्यताओं का हुआ है। लेकिन अर्थाधारित कालखंड के इस मोड़ पर कोई एक सभ्यता एकल रूप में नहीं खिल सकती। सब एक–दूसरे पर किसी न किसी रूप में निर्भर हैं। फिर भी दुनिया की प्राचीनतम भारतीय सभ्यता विश्व की समकालीन उभयनिष्ठ सभ्यता को वे सभी जीवन–मूल्य और सनातन दर्शन दे सकती है, जो आशाओं, हरीतिमा और सर्जना–सजग आनंद से भरे भविष्यों का निर्माण करने में सक्षम हैं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

प्राणवायु प्रदान करते हैं वृक्ष –डॉ सुशील

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। वृक्ष धरा पर जीवित देता है । जहां श्वसन के लिये जीवनदायिनी आक्सीजन देकर प्रत्येक जीवधारी को जीवन प्रदान करते है । वही दूसरी शरीरिक विकास और जीवनयापन के फल,सब्जी , आवाज, दलहन, मसाले आदि विभिन्न रूप मे पुष्ट करने का कार्य करते है। स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिये औषधीय गुण उत्पाद कर सुरक्षित रखते हैं। फर्नीचर,यातायात, भवन आदि भौतिक संसाधन के निर्माण हेतु लकड़ी देकर समृद्ध बनाते हैं।उक्त विचार सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान के संस्थापक प्रबन्धक डॉ.सुशील चन्द्र त्रिवेदीष्मधुपेश जी के निर्देशानुसार आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम मे संस्थान के निदेशक डा.शीर्षेन्दु शील ष विपिनष ने व्यक्त किये।संस्थान द्वारा संचालित डॉ.राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय, परिसर मे 200, सा.शि.सं. इण्टर कालेज में 150, श्री बाबूराम त्रिवेदी सरस्वती शिशु मन्दिर मे 150, तथा वृद्धाश्रम अल्लीपुर हरदोई मे 100 आम, जामुन, अमरूद , नीम आदि के कुल 600 पौध

ो रोपित किये गये।इस अवसर प्रकल्पो के कार्यकर्ताओ और लाभार्थियो ने एक पौधे को स्थापित कर गोदकर उसके पालन और संरक्षण की जिम्मेदारी का संकल्प लिया । इस अवसर पर डॉ शशिकांत पांडेय, डॉ.रश्मि द्विवेदी, श्रीमती पूर्णिमा , रामसुमर जी, पारूल गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

कर्णधार सम्मान से सम्मानित किये गये पूर्व IPS असीम अरुण उ0 प्र0 सरकार में है समाज कल्याण राज्यमंत्री

मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊ : राम राज्य स्थापना महामंत्र द्वारा आज उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को कर्णधार सम्मान से सम्मानित किया गया।यह सम्मान देश प्रदेश की 16 सामाजिक संगठनों द्वारा। उनकी लोकप्रियता,सुलभता, सहजता तथा कार्य कुशलता के आधार पर दिया गया।इस अवसर पर रामराज स्थापना महामंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र मिश्र, स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत के आयोजक डा विनोद अग्रवाल, नारी रक्षा दल की अध्यक्षा सोनिका मिश्रा, अखिल भारतीय राष्ट्र रक्षा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय मिश्रा भगवाधारी, वरिष्ठ पत्रकार व भ्रष्टाचार मुक्ति आन्दोलन के राष्ट्रीय सचिव मृत्युजय प्रताप सिंह, संपादक अनुभव इंडिया के विकास श्रीवास्तव,मोन, राकेश शर्मा ,सिंह राजपूत, अखिल भारतीय समग्र विचार मंच के प्रदेश महासचिव शैलेन्द्र मिश्र, भारतीय संगठित पार्टी

के प्रदेश अध्यक्ष सत्यपाल सिंह, माध्यमिक शिक्षक सम्मान समिति के अध्यक्ष रामकुमार वर्मा सहित अन्य संगठनों के पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

ट्रेनों में खुले रूप से खाद्य पदार्थ एवं लोकल पेयजल की बिक्री करने वाले 04 वेण्डरों को गोण्डा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर किया गया गिफ्तार

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। विगत काफी दिनों से वाणिज्य विभाग के स्थानीय अधिकारियों को रेल यात्रियों एवं समाज सेवियों द्वारा अनवरत मिल रही शिकायतों के क्रम में अनाधिकृत वेण्डरों जो कि अधिकृत वेण्डरों की वर्दी पहनकर बिना लाइसेन्स के रेल यात्रियों को खाद्य एवं पेय पदार्थ की बिक्री कर रहे थे और अधिकतम मूल्य भी रेल यात्रियों से वसूल रहे थे। जिसपर वाणिज्य विभाग द्वारा रेल यात्रियों के हित में अनाधिकृत वेण्डर धर पकड़ अभियान के तहत ट्रेन नं0 12587 पर निरीक्षण के दौरान पकड़ लिया गया। जिनमें रामरंग पुत्र रामानन्द, निवासी–पयागपुर बहराइच, रविन्दर शुक्ला पुत्र भगवती शुक्ला, निवासी–पिपरा पदुम गोण्डा, रमेश गुप्ता पुत्र संतराम गुप्ता, निवासी–बरियापुरवा गोण्डा, बद्रीप्रसाद पुत्र स्व0 श्यामलाल,

निवासी–सतईपुरवा गोण्डा द्वारा प्लेटफार्म पर एवं उपरोक्त ट्रेन पर चिल्ला–चिल्लाकर बेंच रहे थे। उसी समय उनको पकड़ कर आई0पी0एफ0 गोण्डा के सुपुर्द कर दिया गया।

एसएसपी के दिशा निर्देश पर पत्रकार को धमकी देने वाले पुलिस पुत्र के खिलाफ देवकाली चौकी प्रभारी ने दर्ज कराई रिपोर्ट

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अपने को पुलिस का पुत्र तथा अधिवक्ता का रौब जताने वाले आरोपी शिवम् शर्मा को पत्रकार राजेन्द्र तिवारीध को धमकी देना उस समय महंगा पड़ गया जब उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश खुद एसएसपी प्रशांत वर्मा ने संज्ञान में लेते हुए देवकाली चौकी प्रभारी सुनील कुमार यादव को दिया। चौकी प्रभारी देवकाली सुनील कुमार यादव के मुताबिक इस प्रकरण को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने गंभीरता से लेते हुए आरोपी शिवम शर्मा पुत्र परशुराम शर्मा के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने का आदेश दे दिया।जिस पर पीड़ित के मुताबिक 9 जुलाई की रात शिवम शर्मा ने वरिष्ठ पत्रकार तथा अधिवक्ता राजेन्द्र तिवारी को कई बार फोन द्वारा जान से मारने की धमकी दिया।इसकी शिकायत तत्काल कोतवाली नगर सहित जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई।वही इस गंभीर मामले को संज्ञान में लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने चौकी प्रभारी देवकाली सुनील कुमार यादव को कार्यवाही करने का निर्देश दिया। सूत्र के मुताबिक आरोपी शिवम शर्मा ने चौकी प्रभारी देवकाली को भी अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए अपमानित किया। जिस पर पत्रकार राजेन्द्र तिवारी के प्रार्थना पत्र पर एसएसपी ने रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश कोतवाली नगर को दिया जिस पर आरोपी शिवम शर्मा के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 527ध 22 पर अभियोग पंजीकृत हुआ।उपजा अयोध्या इकाई के पदाधिकारियों ने एसएसपी प्रशांत वर्मा को प्रकरण का संज्ञान लेकर तत्काल कार्यवाही करने के लिए धन्यवाद दिया है। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा से पत्रकारों में उम्मीद जगी हैं कि पिछले तरह के पुलिस अधिकारियों के तरह ही इनसे भी मदद मिलेगी।

जिलाधिकारी ने की स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगाँठ पर घर–घर तिरंगा फहराने हेतु की गयी अपील

उमाकान्त श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ शाहजहांपुर : जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु उपस्थित सदस्यों से अधिक से अधिक जनसहयोग प्राप्त कर जनता को स्वतन्त्रता की 75वीं वर्षगाँठ पर अधिक से अधिक संख्या में अपने घरों , दफ्तरों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर ध्वजारोहण के लिए उपस्थित सदस्यों से कार्यक्रम को सफल बनाये जाने हेतु झण्डों को तैयार करने तथा उसकी कीमत आदि पर चर्चा की। उन्होने कहा कि झण्डों को तैयार कराकर समिति के सचिव ध सदस्य जिला पंचायत राज अधिकारी को उपलब्ध कराये। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष व व्यापारिक संगठनों तथा स्वंयसेवी संगठनों को दिये गये लक्ष्य पर चर्चा की जिसमें व्यापार मंडल अध्यक्ष सचिन बाथम एवँ उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह दुआ को 05 – 05 हजार , महाप्रबंधक कृभको श्याम फर्टिलाइजर को 10 हजार तथा महाप्रबंधक चीनी मिल पुवायां एवँ महाप्रबंधक चीनी मिल तिलहर एवँ महाप्रबंधक डालमिया चीनी मिल गिरगिचा को 2500 झंडे वहीँ महाप्रबंधक बजाज चीनी मिल मकसूदापुर को 5 हजार तथा महाप्रबंधक के०आर० पेपर मिल जमौर को 10 हजार , संस्थापक सिटी पार्क को 20 हजार , अग्रणी जिला प्रबंधक बैंक आफ बड़ौदा को 50 झण्डे प्रति शाखा (250 बैंक शाखाओं के आधार पर लगभग 12500) संस्थापक तक्षशिला पब्लिक स्कूल को 05 हजार , परियोजना अधिकारी डूडा को 03 हजार , अध्यक्ष इनडीपेंडेन्ट स्कूल एसोसियेशन विपिन अग्रवाल को 51हजार का लक्ष्य दिया गया है। साथ ही जिलाधिकारी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों से 500 झण्डे प्रति विभाग सहयोग किये जाने की अपील की है । तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को अध्यनरत छात्रों एवं जिला बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा छात्रों व अभिभावको

एवं अध्यापकों को प्रोत्साहित कर अपने – अपने घरो पर झण्डा फहराने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने अपने लगभग एक लाख छात्रों के अध्यनरत होने तथा उनके द्वारा लगभग 4000 अध्यापकों के जनपद में कार्यरत होने के सम्बन्ध में बताये जाने पर जिलाधिकारी ने छात्रों एवं अध्यापकों को अपने – अपने घरों पर झण्डा फहराने के समय सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर अपलोड करने का निर्देश दिया । जिला कार्यक्रम अधिकारी ने लगभग 2900 कार्मिको को अपने–अपने घरो पर झण्डा फहराते समय सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर अपलोड करने का निर्देश दिया। जिला अधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने सभी विभागों के विभागाध्यक्ष स्वयंसेवी संगठनों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं से अपील करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम की सभी तैयारियों को 20 जुलाई तक पूरा कर लें किसी प्रकार की लापरवाही ना बरतें। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय झंडे को लगाने के साथ साथ झंडा संहिता के बारे में भी जनता को जागरूक करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्याम बहादुर सिंह , अपर जिलाधिकारी प्रशासन राम सेवक द्विवेदी , जिला पंचायत राज अधिकारी , जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष , जनपद के सभी व्यापारिक एवँ समाजसेवी संगठन आदि मौजूद रहे।

सवारी वाहनों में स्कूली बच्चे को ढोना पड़ा भारी : आधा दर्जन से अधिक वाहन सीज व कई का हुआ चालान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सवारी गाड़ियों में स्कूल के बच्चों को ढोना निजी वाहन चालकों को महंगा पड़ गया।सोमवार को ऐसे 11 वाहनों को सीज किया गया, जबकि 32 का चालान भी किया गया है। पूरे शहर में कुल 20–22 हजार रुपये का चालान किया गया। साथ ही उन्हें आगे से ऐसे वाहनों में बच्चों को न ले जाने की हिदायत भी दी है।स्कूल खुलते ही निजी वाहनों की मनमानी शुरू हो गई है। शहर के विभिन्न सरकारी व प्राइवेट स्कूल के बच्चे इन्हीं वाहनों से स्कूल घर आते–जाते हैं। ये वही वाहन हैं जो सवारियां ढोने के काम आते हैं। इनमें अमूमन ई–रिक्शा, ऑटो व टैंपो होते हैं। इनमें बच्चों के लिए सेफ्टी के नाम पर कोई चीज नहीं होती। इन्हीं सब को देखते हुए परिवहन विभाग ने सोमवार को पूरे शहर में एक अभियान चलाया।इस दौरान उन्हें जहां भी ऑटो या टैंपों में स्कूली बच्चे जाते दिखे। उनका चालान किया गया। इस संबंध में आरटीओ प्रवर्तन प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार को शहर भर में ऐसे 11 वाहनों को सीज कर दिया गया, जबकि 32 का चालान किया गया। उनका कहना था कि अब प्रत्येक दिन ऐसे वाहनों पर नजर रखी जाएगी।इसके साथ ही साथ स्कूलों व बच्चों के अभिभावकों को भी जागरूक किया जाएगा।

पीड़िता के मुताबिक अयोध्या में एक और महंत के खिलाफ रेप की शिकायत : इस संबंध में पुलिस ने जताई अनभिज्ञता

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)राम नगरी अयोध्या में एक और महंत पर मंदिर में काम करने वाली महिला ने रेप का आरोप लगाया है। उक्त पीड़िता का आरोप है कि धन के बल पर वह उसके साथ कई सालों से रेप कर रहा था।जब वह मंदिर में गई तो महंत ने अपने गुंडों के साथ मिलकर उसके भद्दी गालियां दी और पिटाई भी की। इस संबंध में पीड़िता ने इस मामले की शिकायत 1 जून को अयोध्या कोतवाल के नाम से लिखित रूप से की थी। उसका कहना है कि पुलिस ने उसकी शिकायत के बाद भी आरोपी महंत के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। वही पीड़िता के मुताबिक आरोपी महंत के पास लक्ष्मणघाट चौकी इंचार्ज खुद इस मामले की जांच करने गए थे।महंत को शिकायत की जानकारी हो चुकी है।जिसके बाद से उसे जान का खतरा बना हुआ है।उसके ऊपर समझौते का दबाव भी बनाया जा रहा है। इस संबंध मे कोतवाली प्रभारी अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि यह मामला उनकी जानकारी में नहीं है। वहीं पीड़िता का कहना है कि पुलिस ने उसकी बात नहीं सुनी तो वह मजबूर होकर सीएम योगी आदित्यनाथ के दरबार में जाकर न्याय की गुहार लगाएंगी। पीड़िता के मुताबिक बताते चले कि अडगड़ा चौराहा के पास स्थित मंदिर का 50 साल का आरोपी महंत पीड़िता से कइ सालों तक मंदिर की सेवा लेता रहा। आरोप है कि इसी दौरान उसने पीड़िता के साथ बलपूर्वक रेप किया। पीड़िता के विरोध करने पर उसने अपनी और मंदिर की इज्जत का हवाला देकर मुंह बंद कर दियास इसके बाद वह कई साल तक लगातार रेप करता रहा।बात बिगड़ने पर उसने धन देकर मुंह बद करा दिया था। वही अभी कुछ दिन पहले इससे पहले अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के नयाघाट चौकी क्षेत्र में सियावल्लभाकुंज के महंत कृष्ण कुमार दास उर्फ हनुमान दास को झाड़–फूंक के बहाने दलित युवती से रेप के आरोप में जेल भेजा जा चुका है।

ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत विभाग द्वारा बिजली की अघोषित कटौती जारी

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : एक तरफ जहां भीषण गर्मी से लोगो मे हाहाकार मचा हुआ है।वही बिजली की आंखमिचौली से उपभोक्ताओं में काफी रोष है ।उल्लेखनीय है कि क्षेत्र की बिजली की सप्लाई धम्मौर बिजलीघर से की जाती है।जिससे करीब सैकड़ों गांव लाभान्वित होते है।एकतरफ जहां बारिश न होने से किसान सहित उपभोक्ता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहा है।वही बिजली विभाग भी रोस्टर के अनुसार बिजली सप्लाई नही कर पा रहा है।सप्ताह भर को देखा जाय तो लगभग हर दूसरे दिन 33 हजार की लाइन ब्रेक डाउन हो जाती हैं।जो दूसरे दिन दोपहर तक बहाल होती है तथा बहाल होते ही रोस्टिंग हों जाती है।इस समस्या

पर कोई भी विभागीय अधिकारी स्पष्ट जवाब नहीं दे रहे हैं। जिससे उपभोक्ताओं में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है।

कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर उप जिलाधिकारी लहरपुर गंभीर

अजय सिंह ब्यूरो चीफ सीतापुर : लहरपुर सीतापुर उप जिला अधिकारी अनुपम मिश्रा कांवरियों की सुरक्षा को लेकर काफी सख्त कदम उठाते हुए सभी अधीनस्थों को निर्देशित किया है की सावन मास में हिंदू धर्म के लोग कावड़ यात्रा लेकर निकलते हैं उनकी देखरेख सुरक्षा एवं उनके रहने की भी उचित व्यवस्था की जिम्मेदारी प्रशासन की होती है कि उन्हें यात्रा के दौरान किसी प्रकार की कोई कठिनाई न होने पाए मुख्यमंत्री द्वारा भी कांवड़ यात्रियों के सुरक्षा को लेकर सभी जिला अधिकारी को निर्देशित किया जा चुका है कि उनके लिए रूट व्यवस्थित कराया जाए और उन्हें किसी प्रकार की कोई कठिनाई ना होने पाए जिला प्रशासन स्वयं कांवड़ यात्रियों पर नजर रखें लहरपुर में तैनात स्वच्छ छवि के तेजतर्रार उप जिला अधिकारी अनुपम मिश्रा ने भी कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा एवं उनकी व्यवस्था को लेकर सख्त कदम उठा रहे हैं समस्त पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर चुके हैं कि पुलिस प्रशासन उन्हें सुरक्षा व्यवस्था के लिए विशेष नजर बनाकर उनका ध्यान रखें जिससे उनकी यात्रा में कोई भी परेशानी न आने पाए स्वास्थ विभाग के डॉक्टरों को भी निर्देशित किया गया है कि कांवड़ यात्रियों के लिए जो रूट निर्धारित हैं उन पर स्वास्थ्य विभाग कैंप लगाकर उन्हें सुविधा उपलब्ध कराएं एवं पीडब्ल्यूडी विभाग को भी बताया गया है कि रास्ते में जो भी गड्ढे हैं उनको भी दुरुस्त कराया जाए स्वयं एसडीएम लहरपुर श्री मिश्रा कावड़ यात्रियों की देखरेख पर अपनी नजर रखेंगे ऐसी जानकारी उनके द्वारा दी

गई है कि सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार ही कावड़ यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित होगी रास्ते में उनकी खाने की भी भंडारा की व्यवस्था होगी

वाई–फाई की सुविधा से लैस हुआ टीडी कॉलेज : नैक से बेहतर ग्रेडिंग के लिए कॉलेज तैयार

जौनपुर सू.वि. : तिलकधारी महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर आलोक कुमार सिंह ने कहा है कि महाविद्यालय में पठन–पाठन का बेहतर माहौल बनाने और छात्रों की सुविधा के लिए वाईफाई नेटवर्क से लैस कर दिया गया है। वाईफाई का नेटवर्क एग्रीकल्चर, आर्ट साइंस और लाइब्रेरी में उपलब्ध रहेगा। जहां बच्चे अपनी सुविधा के अनुसार वाईफाई का इस्तेमाल नि शुल्क कर सकेंगे । वह मंगलवार को कॉलेज के बलरामपुर हाल में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे । उन्होंने हाल के दिनों में कॉलेज में शिक्षण कार्य को बेहतर बनाने के लिए शुरू किए गए नवाचार और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। प्रोफेसर सिंह ने कहा कि कॉलेज में पुस्तकालय को पूरी तरह डिजिटल बना दिया गया है। जिससे छात्रों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इस कॉलेज में इस सत्र से नए कोर्स ट्रिपल सी और ओ लेवल कंप्यूटर का शुभारंभ हुआ है । कोई भी छात्र अपनी सुविधा के अनुसार यह कोर्स कर सकेगा। छात्रों की सुविधा के लिए इसे सुबह 7 से 10 और शाम 5 बजे से संचालित किया जाएगा ताकि छात्रों का दूसरे विषय की कक्षाएं प्रभावित न हो सके । पहले आओ, पहले पाओ की तर्ज पर छात्रों को यह सुविधा प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि पहले कॉलेज बंद होने के बाद परिसर में अराजकता का माहौल होता था, इसकी शिकायत मिलने पर यहां अब गार्ड की तैनाती कर दी गई है । जिससे अब कालेज परिसर में बेहतर और सुरक्षित माहौल है । खिलाड़ियों की सुविधा के लिए स्टेडियम में जरूरी खेल की सामग्री और बेहतर लाइट के इंतजाम कर दिए गए हैं । यहां खिलाड़ियों से उन्होंने व्यक्तिगत रूप से भी कहा है

कि उन्हें अगर कोई और भी जरूरत महसूस हो तो उसकी डिमांड उनसे कर सकते हैं। जिसे पूरा करने के लिए वह भरसक प्रयास करेंगे । कालेज परिसर में नई बिल्डिंग की स्थापना की गई है, जहां कॉमर्स की कक्षाएं भी अब समय से संचालित की जा रही है । उन्होंने कहा कि कॉलेज को नैक से मान्यता के लिए प्रयास किया जा रहा है इसके लिए वेबसाइट क्रिएशन से लेकर तमाम जरूरी चीजें और डाटा संकलित करने का कार्य लगातार चल रहा है। पूरा विश्वास है कि इस साल नैक से बेहतर ग्रेड कॉलेज को प्राप्त हो सकेगा। छात्रों की सुविधा के लिए प्राचार्य कार्यालय के अलावा कुछ अन्य स्थानों पर भी शिकायत पेटिका लगाई गई है। अगर किसी छात्र को कालेज से संबंधित कोई भी शिकायत हो तो वह अपनी शिकायत पेटिका में डाल सकता है । जिसका त्वरित निराकरण का प्रयास मेरे स्तर पर किया जाएगा । इसके लिए छात्रों की पहचान गोपनीय रखने और उनकी सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाएगा । पर्यावरण संरक्षण के लिए कालेज में 1000 पौधे रोपने की तैयारी की गई है । इसके लिए गड्ढे खुदवा दिए गए हैं। बारिश का इंतजार किया जा रहा है। बारिश होते ही परिसर में पौधरोपण का काम पूरा किया जाएगा और ऐसी तैयारी की गई है कि पौधों के संरक्षण के लिए एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट के प्रत्येक छात्रों को दो–दो पौधे रखरखाव के लिए आवंटित किए जाएंगे। प्राचार्य ने इन सभी कार्यों में सहयोग के लिए टीडी कॉलेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री प्रकाश सिंह व प्रबंधक राघवेंद्र प्रताप सिंह का आभार जताया।

बढ़ती जनसंख्या राष्ट्र के लिए घातक – मनुपाल बंसल

बागपत पत्रकार विवेक जैन। बागपत के खैला गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में लोगों को सम्बोधित करते हुए जनसंख्या समाधान फाउंड़ेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मनुपाल बंसल ने राष्ट्र की बड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया और आने वाली पीढ़ियों के अच्छे भविष्य के लिए ऐसी समस्याओं के निराकरण के बारे में

जानकारी दी। मनुपाल बंसल ने देश में तेजी से कम होते जा रहे वनों पर गहरी चिंता व्यक्त की और वनों की महत्ता पर प्रकाश डाला। सभी देशवासियों से पर्यावरण के संरक्षण हेतू स्वयं जागरूक होने और अन्य लोगों को भी जागरूक करने की बात कही। देश में तेजी से बढ़ती जनसंख्या किस प्रकार देश के लिए घातक होती जा रही है, इस पर लोगों को विस्तार से समझाया और भारत सरकार से तुरंत जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग की। इस अवसर पर उन्होंने भारत सरकार द्वारा देशहित में किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की और सरकार द्वारा लोगों के हितों में शिक्षा, स्वास्थ्य, नौकरियों व रोजगारों का सृजन, बिजली, पानी, सड़क, देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए किये जा रहे कार्यो से अवगत कराया। इस अवसर पर दिल्ली एनसीआर सहित विभिन्न राज्यों से आयी राजनैतिक, सामाजिक, शैक्षिक, धार्मिक क्षेत्रों से जुड़ी सैंकड़ों हस्तियां मौजूद थी।

उत्तर प्रदेश औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कर्मचारी संघ के तत्वाधान मे आई0टी0आई0 के कर्मचारियों ने प्रधानाचार्य के माध्यम से सौंपा ज्ञापन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उत्तर प्रदेश औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कर्मचारी संघ के आवाहन पर आज दिनांक– 12/07/2022 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जौनपुर के प्रांगण मे संघ के सदस्यों के साथ गेट मीटिंग करने के उपरांत निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उत्तर प्रदेश को प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जौनपुर के माध्यम से ज्ञापन सौंपते हुए संवर्गीय कर्मचारियों की निम्न मांगों से अवगत कराया। वर्ष–2016 मे नियुक्त अनुदेशकों की अवरुद्ध हुई वार्षिक वेतनवृद्धि का अवमुक्त कराया जाना। कार्मिक अनुभाग–4 के पत्रांक– संख्या–11/2022/363 –सामान्य /सैंतालीस –का –4 –2022 –1 /3 /96 दिनांक– 15 जून, 2022 मे दिये प्रावधानों के अनुरूप अनुदेशक संवर्ग के बहुत से कार्मिकों का स्थानांतरण नही किया गया है। अतः वार्षिक स्थानांतरण नीति 2022–23 की समयावधि बढाते हुए शासनादेश से आच्छदित हो रहे जरुरतमंद कार्मिकों का स्थानांतरण किया जाना।अनुदेशक से कार्यदेशक के पद पर पदोन्नति प्रदान कराया जाना। कार्यदेशक से प्रधानाचार्य श्रेणी–02 के पद पर पदोन्नति प्रदान कराया जाना।समान कार्य, समान वेतन" अनुच्छेद 39(D) के आधार पर अतिथि वक्ताओं का मानदेय निर्धारण कराया जाना। वर्ष–2016 मे नियुक्त अनुदेशकों को सम्मिलित करते हुए अनुदेशकों की वरिष्ठता सूची जारी कराया जाना।रिक्त स्थाई पदों के सापेक्ष अनुदेशकों का स्थायीकरण कराया जाना।विभाग मे कार्यरत महिला कार्मिकों को बैपसक ब्तम स्मंअम तथा डंजमतदपजल स्मंअम स्वीकृत किये जाने सम्बंधित स्पष्ट दिशानिर्देश जारी कराया जाना।अखिल भारतीय प्रयोगात्मक परीक्षा मे पर्यवेक्षक ड्युटी कक्ष निरीक्षक के रूप मे

तैनात कार्मिकों के पारिश्रमिक का भुगतान कराया जाना। उपरोक्त सभी समस्याओं से संघ निदेशालय को पत्रों एवं वार्ताओं के माध्यम से अवगत कराता रहा है परंतु निदेशालय द्वारा कोई ठोस कदम न उठाये जाने के कारण कर्मचारियों मे अत्यंत निराशा व्याप्त है। संघ के सभी सदस्यों ने यह निर्णय लिया है कि 15/07/2022 तक यदि उपरोक्त न्यायोचित मांगों / समस्याओं का निस्तारण तथा वार्षिक स्थानांतरण नीति 2022–23 की समयावधि बढाते हुए शासनादेश से आच्छादित हो रहे जरुरतमंद कार्मिकों का स्थानांतरण किये जाने सम्बंधित निर्णय नही लिया जाता है तो संघ के पदाधिकारी / सदस्य लखनऊ स्थित मुख्यालय के प्रांगण मे अनशन करने के लिये बाध्य होंगे। इस कार्यक्रम मे राजकीय आई टी आई कर्मचारी संघ जौनपुर के अध्यक्ष देवेश यादव महामंत्री अमित उपाध्यक्ष चंद्रेश कुमार वेलफेयर अध्यक्ष सुप्रिया रॉय प्रांतीय उपाध्यक्ष फरहत रजा वरिष्ठ सदस्य पी एन सिंह यादव पुष्पेंद्र हेमराज गौतम पूनम वर्मा आशिष सिंह प्रमोद तिवारी सौरभ कुशवाहा विनोद मौर्या शशिकांत यादव सुनील गुप्ता शशिकांत सिंघानी आदि साथियों ने प्रतिभाग कर अपने विचार रखे।

गोदभराई कर पोषण के प्रति किया जागरूक : आयरन की गोली हमेशा रात में खाना खाने के बाद लेने की सलाह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पोषण स्तर में सुधार के उद्देश्य से बाल विकास परियोजना नगर के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर मंगलवार को संभव अभियान के तहत गोदभराई का आयोजन हुआ। इस दौरान गर्भवती को विभाग की ओर से बेहतर पोषण व स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया गया। नगर के मातापुर वार्ड में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुमन ने तीन माह की गर्भवती प्रीतम पटेल की गोदभराई की। उन्हें गुड़, चना, नारियल, मूंगफली, हरी पत्तेदार सब्जी आदि सूक्ष्म पोषक तत्वों से सजी एक टोकरी दी। प्रीतम सहित अन्य गर्भवती को इसके स्वास्थ्य व पोषण लाभ के बारे में विस्तार से बताया। प्रीतम ने कहा कि आयरन की गोली खाने का उनका मन नहीं करता है और इससे उन्हें गैस बनती है। इस पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुमन ने उन्हें हमेशा आयरन की गोली रात में खाना खाने के बाद खाने की सलाह दी। इसके साथ ही आयरन की गोली के साथ नींबू खाने को भी कहा। वाजिदपुर वार्ड में आगनबाड़ी कार्यकर्ता ऊषा ने दीपिका और संगीता की गोदभराई की। उन्हें बताया कि पौष्टिक आहार और आयरन की गोली खाने से शरीर में आयरन की कमी दूर हो जाती है। गर्भस्थ शिशु भी स्वस्थ रहता है। इसी तरह अन्य आँगनबाड़ी केन्द्रों पर गोदभराई कार्यक्रम आयोजित किया गया । इसके

साथ लाभार्थियों को दलिया, दाल, सरसों का तेल और चावल भी दिया। बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान गर्भवती के वजन में 10 से 11 किलो की वृद्धि जरूरी है। हीमोग्लोबिन 11 से कम नहीं होना चाहिए। गर्भावस्था के दौरान प्रसव पूर्व चार जांचें जैसे यूरिन, हीमोग्लोबिन, वजन और पेट की जरूर करा लेना चाहिए। समय–समय पर एएनएम से मिलकर स्वास्थ्य संबंधी परामर्श लेते रहना चाहिए।जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) डॉ आरबी सिंह ने बताया कि जनपद में कुल 5,321 आंगनबाड़ी केंद्र हैं। इसमें शहरी क्षेत्र के कुल 200 आंगनबाड़ी केंद्रों में से 191 केंद्रों पर गोदभराई कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इन गतिविधियों के माध्यम से गर्भवती को पोषण व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

कीर्ति कुंज ऑटोमोबाइल्स में नई ब्रेजा कार की लॉन्चिंग

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कीर्ति कुंज ऑटोमोबाइल्स में नई कार ब्रेजा की लॉन्चिंग पूर्व सांसद धनञ्जय सिंह व विधान परिषद सदस्य प्रिंशू सिंह के द्वारा द्वीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर धनन्जय सिह व प्रिंशू सिंह ने नई कार की लॉन्चिंग पर सभी

को बधाई देते हुए नई कार की काफी सराहना की। कीर्ति कुन्ज के चीफ मैनेजिंग डायरेक्टर नन्हे लाल वर्मा ने बताया कि मारुति अपने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए अपने वाहनों को समय समय पर परिवर्तित करती रहती है जिससे हम अपने सम्मानित ग्राहकों को अच्छी सुविधा और सर्विस प्रदान कर सकें तथा हम अपने उन सभी सम्मानित ग्राहकों का आभार प्रकट करते हैं जो कीर्ति कुन्ज पर अपना विश्वास और सहयोग बनाये रखते हैं।कंपनी के सी ई ओ प्रियम वर्मा जी ने बताया कि यह नई कार यंग जनरेशन को अपनी तरफ आकर्षित करेगी। कंपनी के जी एम सेल्स मि. अफजाल सिद्दीकी ने बताया कि नई हॉट – टेची ब्रेजा में नए फीचर्स है जैसे इलेक्ट्रिक सनरूफ हेड – डिसप्ले 360° विव कैमरा स्मार्ट प्ले विथ सराउंड सेंस म्यूजिक सिस्टम नेक्स्ट जेन सुजुकी कनेक्ट बोल्ड जयोमैट्रिक एलाय व्हील ,ड्वेल एल ई डी प्रोजेक्टर हेड लैंप स्म्क क्त्स्; स्म्क टेल लैंप और 6 एयर बैग के साथ उपलब्ध है। कंपनी के सेल्स मैनेजर अनूप श्रीवास्तव ने बताया कि नई हॉट – टेची ब्रेजा में 1462 बब का एडवांस K– सीरीज ,डुएल जेट BBT स्मार्ट हाइब्रिड का इंजन लगा है जिससे गाड़ी अधिक पॉवर व टॉर्क के साथ 20.15 Km/L का माइलेज भी देगी और अभी तक कीर्ति कुन्ज द्वारा 100 से अधिक वाहनों की बुकिंग हो चुकी है। इस कार्यक्रम के अवसर पर कंपनी के क्वालिटी मैनेजर अश्विनी सिंह ट्रू वैल्यू मैनेजर राजा राम यादव टीम लीडर दीपक पांडेय, जसवंत मौर्य ,मनोज सिंह ,मीसम अब्बास के साथ सभी सेल्स व सर्विस टीम मौजूद रही। साथ ही सभी फाइनेंस कंपनी/बैंक व स्टाफ उपस्थित रहे।

स्वीकृत कुलाबा स्थल से ही सिंचाई करें एवं सिंचाई के उपरान्त कुलाबों को बन्द कर दें – अखिलेश गौतम

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : अधिशासी अभियंता शारदा नहर अखिलेश गौतम ने बताया है कि जनपद हरदोई में सिंचाई हेतु हरदोई शाखा एवं लखनऊ शाखा पर पानी 700 क्यूसेक व 1550 क्यूसेक की माँग के सापेक्ष 1248 क्यूसेक एवं 1733 क्यूसेक क्रमशः पानी उपलब्ध कराया जा रहा है, परन्तु वर्तमान में वर्षा न होने के कारण नहरों से पानी की मांग अत्यधिक बढ़ गई है एवं राजवहों व अल्पिकाओं के शीर्ष भाग पर कृषकों द्वारा पानी के अत्यधिक दोहन के कारण रजवहा एवं अल्पिका के टेल भाग तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। पानी को टेल भाग तक सुनिश्चित कराने हेतु पारा राजवहा पर स्थित ग्राम बिजगवां कलां विकास खण्ड पिहानी के ग्राम प्रधान मेवालाल एवं अन्य ग्रामीणों के साथ सुभाष चन्द्र गौतम सहायक अभियन्ता प्रथम, सुशील चन्द्र शुक्ला उपराजस्व अधिकारी व रामपाल जिलेदार प्रथम द्वारा वार्ता की गई एवं कृषकों से अपेक्षा की गई कि नहरों का पानी सिंचाई हेतु आवश्यकतानुसार प्रयोग करें। अवैध कटिंग एवं बन्धा न लगायें तथा कुलाबें से ही सिंचाई करें। सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि किसान यदि सहयोग की भावना से सिंचाई करेगें तो सभी को समय से पानी उपलब्ध होगा एवं टेल भाग पर स्थित किसानों को भी पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध होगा। अधिकारियों द्वारा पानी के समुचित उपयोग करने एवं अपव्यय न करने हेतु कृषकों को जागरूक किया गया। जनपद को पानी की उपलब्धता माँग से अधिक कराई जा रही है, परन्तु अवैध रुप से सिंचाई करने एवं सिंचाई हेतु उपलब्ध जल अत्यधिक दोहन करने के कारण नहरों की टेल तक पानी नहीं पहुंच रहा है, जिस कारण टेल के किसानों को सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। अतः कृषकों से अनुरोध है कि स्वीकृत कुलाबा स्थल से ही सिंचाई करें एवं सिंचाई के उपरान्त कुलाबों को बन्द कर दें। अवैध कटिंग न करें एवं बन्धा न लगायें। सिंचाई हेतु अपनी बारी की प्रतीक्षा करें, सभी को पर्याप्त पानी उपलब्ध कराया जायेगा।

जिलाधिकारी द्वारा मंगलवार को कार्यालय नगर पालिका परिषद जौनपुर का किया गया निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा मंगलवार को कार्यालय नगर पालिका परिषद जौनपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना के सभी वेन्डरों को क्यूआर कोड अवश्य उपलब्ध कराया जाये ताकि सभी वेन्डर्स डिजिटल लेनदेन कर सके। जिलाधिकारी ने कहा कि शत–प्रतिशत क्यूआर कोड वितरण कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि जिन वेंडरों को योजनान्तर्गत प्रथम एवं द्वितीय ऋण प्राप्त हो चुकी है उन्हें अनिवार्य रूप से क्यूआर कोड उपलब्ध करा दिया जाए। इस दौरान उन्होंने पाया कि वेंडरों को डिजिटल लेनदेन के लिए एचडीएफसी, एयरटेल, फोन–पे कंपनी के प्रतिनिधियों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा था। जिलाधिकारी द्वारा सक्रिय व निष्क्रिय वेंडर एवं उनके बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका संतोष कुमार को निर्देशित किया कि नगर क्षेत्र में विद्यालयों में जो भी कार्य कराया जाएगा वह गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। नगर पालिका क्षेत्र के आने वाले समस्त घरों में नेमप्लेट लगाए जाने पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने पूछा कि सफाई कंट्रोल रूम बन गया है कि नहीं जिस पर अधिशासी अधिकारी द्वारा बताया गया कि कार्यालय के बाहर कंट्रोल रूम बनाया गया है और 04 कर्मचारी लगाए गए हैं। जनपद में कुल 500 सफाई कर्मियों

के द्वारा सफाई का कार्य किया जाता है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जहाँ पर तालाबों में पानी जा रहा है वहां पर ड्रेनेज बनाए जाने के लिए प्रस्ताव बनाया जाए। रजिस्टर में सफाई कर्मियों का मोबाइल नंबर दर्ज करने के निर्देश दिए। पंचहटिया एवं विशेषरपुर में कूड़ा उठान न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सफाई निरीक्षक एवं सुपरवाइजर के प्रति नाराजगी व्यक्त की। इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा संपत्ति रजिस्टर, कैश बुक रजिस्टर सहित विभिन्न अभिलेखों का निरीक्षण किया और निर्देशित किया कि अभिलेखों का रख–रखाव सही ढंग से रहे। कैश बुक के निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि जितने भी कार्य पूर्ण हो चुके हैं उनका भुगतान समय से कर दिया जाए। इस अवसर पर पीओ डूडा अनिल वर्मा, निरीक्षक ओमप्रकाश यादव, सफाई निरीक्षक हरिचंद यादव, आर आई अंकित सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

घायल स्थित में लावारिश पड़ा है 12 वर्षीय दिव्यांग बालक : जिम्मेदार अनजान!

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : इंसानियत एवं मानवता की दुहाई देने वालो को आइना दिखा रहा लगभग 12 वर्षीय लावारिश घायल बालक। पूर्वांचन एक्सप्रेस–वे के माइल स्टोन 123 के नीचे बना अंडर पास में सप्ताह भर से लावारिश हालत में पड़ा शारीरिक एवं मंद बुद्धि वाला बालक। खाने पीने के लिए भूख से तड़पता देख ग्रामीण कर रहे क्षणिक मदद। स्थानीय ग्रामीणों का कहना करीब 10 दिनों पहले रात के अंधेरे में कुछ अज्ञात लोग बालक को अंडर पास में बने सड़क किनारे छोड़कर चले

गए थे। बीती रात अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हुए लावारिश दिव्यांग बालक की नही ले रहा कोई सुधी। वही क्षेत्र के जिम्मेदार दानवीर व समाजसेवी इस मामले से बने है अनजान। थाना क्षेत्र कूरेभार में स्थित माधवपुर शुकुलपुर ग्राम सभा सिद्धीगणेशपुर के समीप लावारिश पड़ा है घायल दिव्यांग बालक।

पत्थर व गोली बम चलाने वालों को दिए गए थे पांच–पांच हजार : एसआईटी की डायरी से चौंकाने वाला खुलासा

कानपुर ब्यूरो : तीन जून को नई सड़क पर हुए बवाल के मामले में सोमवार को एक आरोपी की जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट में एडीजीसी दिनेश अग्रवाल ने केस डायरी में दर्ज प्रभारी निरीक्षक के बयानों का हवाला दिया तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। एसआईटी की केस डायरी से पता चला कि उपद्रव करने वालों को पकड़े जाने पर निरूशुल्क वकील और परिवार को आर्थिक मदद का आश्वासन देकर इकट्ठा किया गया था। नाबालिग लड़कों को एक से पांच हजार रुपये तथा ठेलिया से पत्थर लाने व गोली बम चलाने वालों को पांच–पांच हजार रुपये दिए गए थे। बेकनगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक नवाब अहमद के बयान में यह बात सामने आई है कि हयात जफर हाशमी और निजाम कुरैशी जहां बंदी को सफल बनाने की रणनीति तैयार कर रहे थे वहीं बंदी की आड़ में बिल्डर हाजी वसी और उसका मैनेजर हमजा, मुख्तार बाबा और उसका लड़का महमूद उमर चंद्रेश्वर हाता कब्जाने की जुगत में थे। प्रदर्शनकारियों की भीड़ में उपद्रवियों को शामिल कर ईंट–पत्थर, गोलियां व बम चलाने की योजना बनाई गई। इसके लिए शातिर अफजाल को दस लाख रुपये बयाना दिया गया और चंद्रेश्वर हाते पर कब्जे के बाद एक करोड़ रुपये देने का वादा किया गया। अफजाल ने अकील खिचड़ी और सबलू के साथ मिलकर पूरी योजना तैयार की। दोनों को चार–चार लाख रुपये भी दिए गए। वसी के मददगार हाजी कुद्दूस को प्रशासन से सहयोग की जिम्मेदारी दी गई। इसके लिए उसे भी एक फ्लैट निरूशुल्क दिया गया था। उपद्रव में एक की जमानत अर्जी खारिज नई सड़क पर 3 जून को हुए उपद्रव के एक और आरोपी सकलेन की तीन जमानत अर्जियां अपर जिला जज 16 जितेंद्र कुमार द्विवेदी ने खारिज कर दी हैं। एडीजीसी दिनेश अग्रवाल ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सकलेन को चीना पार्क के पास से पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इसके अलावा अन्य जमानत अर्जियों पर अलग–अलग तारीखें लगा दी गई हैं। मंगलवार को भी 20–25 जमानत अर्जियों पर सुनवाई होनी है।

ई–रिक्शा को चार्जिंग से हटाते समय करंट लगने से पिता–पुत्र की मौत : मां और एक बेटा गंभीर

अमरोहा ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले के गजरौला में ई–रिक्शा को चार्जिंग से हटाते समय करंट लगने से एक ही परिवार में दंपती और दो बेटे समेत चार लोग झुलस गए। मोहल्ले के लोगों ने बिजली की आपूर्ति को बंद कर चारों को छुड़ाया, लेकिन तब तक चारों गंभीर रूप से झुलस गए थे। चारों को परिजन उपचार के लिए निजी चिकित्सकों के यहां ले गए, लेकिन डॉक्टर ने भर्ती करने से इनकार कर दिया। ई–रिक्शा चालक और उसके बेटे ने मुरादाबाद ले जाते समय दम तोड़ दिया। जबकि मां और एक बेटे की हालत नाजुक बनी है। ये घटना गजरौला नगर के चौहानपुरी और आंबेडकर नगर में मंगलवार की सुबह हुई। चौहानपुरी व आंबेडकर नगर के बीच एक गली का अंतर है। दोनों मोहल्ले के बीच निवासी 40 वर्षीय राकेश कुमार ई–रिक्शा चलाकर परिवार का पालन पोषण करते थे। ई–रिक्शा को चार्जिंग से हटाते समय बिजली ने पकड़ा वह सोमवार की रात घर में ई–रिक्शा चार्जिंग पर लगाकर सो गए। मंगलवार सुबह छह बजे ई–रिक्शा को चार्जिंग से हटाते समय बिजली ने पकड़ लिया। पिता को बिजली से पकड़े जाने पर बचाने की कोशिश में 19 वर्षीय बेटे कपिल, दूसरे बेटे सचिन उर्फ निगम और पत्नी किरन को भी बिजली ने पकड़ लिया। घटना की जानकारी होने पर मोहल्ले के लोग दौड़ कर आए। आनन फानन घर की बिजली काटी। जिसके बाद चारों को अलग किया। उपचार के लिए लेकर निकले। नगर के तीन निजी चिकित्सकों के यहां ले गए, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण भर्ती करने या देखने से इनकार कर दिया। जिसके बाद राकेश व कपिल को मुरादाबाद ले जा रहे थे, जबकि किरन व सचिन उर्फ निगम को नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। उधर मुरादाबाद को ले जाते समय पिता राकेश और पुत्र कपिल ने रास्ते में दम तोड़ दिया। सचिन उर्फ निगम की हालत नाजुक होने के कारण उसे रेफर कर दिया गया। किरन गजरौला के एक निजी अस्पताल में ही भर्ती है। घटना से परिवार में कोहराम मचा है।

जिला प्रशासन के मुताबिक 13 जुलाई तक खाली कर दें मकान व दुकान : नहीं तो होगा ध्वस्तीकरण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) राम नगरी अयोध्या में जिला प्रशासन अब सड़कों का चौड़ीकरण करने का काम शीघ्र शुरू करने जा रहा है। जिसके चलते सोमवार को अयोध्या में इसके लिए बाकायदा मुनादी कराकर 13 जुलाई तक सड़क चौड़ीकरण के लिए चिह्नित सभी स्थान को खाली करने के लिए दुकानदारों को निर्देश दिए।मालूम हो कि अयोध्या में नए घाट से लेकर सहादतगंज तक और इसी मार्ग से श्री राम जन्मभूमि तक सड़कों का चौड़ीकरण किया जाना है, जिसकी जद में तमाम मकान, मंदिर व दुकानें आ रही हैं।इन सब का चिह्नीकरण पहले ही कर लिया गया है। वही सोमवार देर शाम अधिकारियों ने लाउड स्पीकर से मुनादी करवाई। इसके साथ ही साथ उन्हें कहा गया है कि चिह्नित स्थान तक सभी लोग अपने अपने कब्जे हटा लें वरना 13 जुलाई के बाद ध्वस्तीकरण कर दिया जाएगा।राम नगरी अयोध्या में सड़क चौड़ीकरण श्रृंगार हाट से राम जन्मभूमि तक जाने वाले मार्ग के चौड़ीकरण की योजना प्रस्तावित है योजना में लगभग 200 से अधिक दुकानें भी प्रभावित हो रही है जिसको लेकर जिला प्रशासन ने सभी दुकानदार किराएदार व मकान मालिकों से संपर्क कर मुआवजा दे दिए जाने की बात कही जा रही है। चौड़ीकरण की कार्रवाई के लिए पहले भी नोटिस दिया जा चुका है, लेकिन ओअभी तक दुकानदारों के द्वारा खाली नहीं किया गया।वही दुकानदारों की मानें तो जिला प्रशासन ने पहले दुकानदारों को दुकान के पीछे बची जगहों पर दुकान बनाए जाने के लिए मौखिक आश्वासन दिया था, लेकिन जब कार्रवाही शुरू की गई तो मकान मालिकों ने इसे रोक दिया।व्यापारियों का आरोप है कि यहां के दुकानदारों को उजाड़ने की कार्रवाई की जा रही है क्योंकि प्रशासन के द्वारा उन्हें उसी स्थान पर चिह्नित जगहों को छोड़कर बचे दुकानों पर कोई कार्रवाई ना करने का आश्वासन दिया था।उस समय कहा था कि मकान मालिकों के साथ भी बातचीत किया जा चुका है कोई समस्या नहीं आएगी, लेकिन ना ही हमारी दुकान को पीछे बनने दिया जा रहा है और अब आगे प्रशासन जबरन दुकान खाली कराए जाने की चेतावनी दे रही है।

सहकारी गन्ना विकास समितियों के अंश निर्धारण कृषक सदस्यों को अंश प्रमाण पत्रों का हुआ वितरण

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)जिला पंचायत के सभागार में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्षा रोली सिंह, विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी नितीश कुमार व विधायक अयोध्या वेद प्रकाश गुप्ता ने जनपद की सहकारी गन्ना विकास समितियों के अंश निर्धारण कृषक सदस्यों को अंश प्रमाण पत्रों का वितरण किया। मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रदेश स्तर पर अंश प्रमाण पत्रों के वितरण कार्यक्रम का लखनऊ में शुभारंभ के उपरांत जिला पंचायत अध्यक्षा, विधायक अयोध्या व जिलाधिकारी अयोध्या द्वारा जिला पंचायत सभागार में जनपद में अंश प्रमाण पत्रों के वितरण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया तथा जनपद के 113 प्रगतिशील गन्ना कृषकों को अंश प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्षा ने कहा कि प्रदेश में गन्ना किसानों को अंश प्रमाण पत्र का वितरण पहली बार हो रहा यह ऐतिहासिक कार्य है इससे भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी तथा समितियों में गन्ना कृषको की पर्याप्त सहभागिता सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर विधायक श्री वेद प्रकाश गुप्ता ने सरकार द्वारा कृषकों के उत्थान हेतु चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजना की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के कारण कृषकों की आय दो गुनी हो सकी है सरकार द्वारा गन्ना मूल्य का भुगतान समय से किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों को कृषि एवं गन्ना उत्पादों में विविधीकरण लाने, कृषि उत्पादों का बेहतर ढंग से भंडारण की व्यवस्था रखने, उत्पादों की गुणवत्ता, पैकेजिंग व ब्रांडिंग कर किसान अपनी आय वृद्धि कर सकता है इससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। उन्होंने जनपद की तीनों गन्ना समितियों को कृषकों की उत्पादों की गुणवत्ता व मार्केटिंग पर विशेष ध्यान देने की दिशा में कार्य करने को कहा उन्होंने समितियों व प्रगतिशील कृषकों को कृषि वैज्ञानिकों व शोधकर्ताओं से समन्वय कर गन्ना के अच्छी किश्मों व पौध तैयार करने को कहा। इस अवसर पर जिला अधिकारी ने बताया कि एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत जनपद में चयनित उत्पाद गुड़ है, इसे वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने हेतु गन्ने से चीनी के अतिरिक्त अन्य उत्पाद भी बनाने हेतु किसानों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अयोध्या मैं राम कथा पार्क अथवा भजन संध्या स्थल जैसे स्थलों पर गन्ना किसानों को अपने उत्पादों की बिक्री हेतु 10 से 15 दुकानों को आवंटित करने की योजना है जहां पर बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पादन करने वाले किसानों को अपने उत्पाद की बिक्री हेतु दुकान आवंटित किए जाएंगे उन्होंने कहा कि इसी के साथ ही प्रदेश भर में एक जनपद एक उत्पाद योजना ने चयनित अन्य जनपदों के उत्पादों हेतु भी दुकानों को आवंटित किए जाने की योजना है। इस अवसर पर सभागार में उपस्थित किसान भाइयों व संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन को भी सुना गया।

स्मैक के साथ दो गिरफ्तार : एनडीपीएस में हुआ चालान

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध कोतवाली पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में कोतवाली पुलिस को सफलता मिली है।मुखबिर की सूचना पर दोनों आरोपियों को उप निरीक्षक शशिकांत पटेल ने मलेथू कनक हाल्ट रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार करके जमा तलाशी लेने पर 18 ग्राम स्मैक बरामद किया है।क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं बीडीसी संघ के जिला उपाध्यक्ष राहुल दुबे ने मलेथू हाल्ट रेलवे स्टेशन के आसपास तथा नगर पंचायत क्षेत्र और नगर पंचायत से सटे कुछ गांव में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री होने की शिकायत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से की थी। शिकायत होने के बाद हरकत में आई कोतवाली पुलिस द्वारा नशीले पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए अभियान शुरू किया गया है। क्षेत्र पंचायत सदस्य राहुल दुबे ने बताया कि स्मैक, गांजा, नशीला इंजेक्शन और दवा की गोलियों के सेवन से किशोर और युवा नशे की लत का शिकार हो रहे हैं। तथा अपना जीवन तबाह कर रहे हैं। नशीले पदार्थों की बिक्री के नेटवर्क को ध्वस्त किया जाना चाहिए। और नशे की सामग्री आमद कराने वाले बड़े सौदागरो पर प्रभावी कार्यवाही किया जाना चाहिए। जो मादक सामग्री उपलब्ध करा कर युवाओं और किशोरों की जिंदगी तबाह कर रहे हैं। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक सुमित कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा मलेथू कनक हाल्ट रेलवे स्टेशन के पास से दो आरोपियों को नशे की सामग्री 9 ––9 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार करके एनडीपीएस एक्ट में चालान किया गया है। बताया कि अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। आरोपियों को चिन्हित करने का क्रम शुरू किया गया।

राजस्व विभाग मेहरबान तो भू–माफिया पहलवान : भू माफिया–शासन प्रशासन पर पड़ रहे भारी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जनपद अयोध्या के तहसील मिल्कीपुर का ष्राजस्व विभाग मेहरबान तो भू–माफिया पहलवान भू–माफियाओं का कहर जारी है जो शासन प्रशासन पर भारी नजर आ रहे हैं। इस संबंध में ग्राम पंचायत प्रधान प्रतिनिधि का आरोप है संबंधित लेखपाल की मिलीभगत से हो रहा अवैध कब्जा। मिल्कीपुर तहसील मिल्कीपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरा मजरे चिखडीध प्रधान प्रतिनिधि राजीव कुमार तिवारी ने मुख्यमंत्री से लेकर राजस्व परिषद लखनऊ,जिलाधिकारी अयोध्या एस०डी०एम० मिल्कीपुर से सिकायत करते हुऐ बताया की हल्का लेखपाल अरुण कुमार विश्वकर्मा का समस्त कार्य गांव समाज की क्षति कारक हो गया है तालाब गाटा संख्या 522,523 में लल्लन प्रसाद तिवारी पुत्र भवानी प्रसाद द्वारा मकान बनाकर व विजय प्रताप यादव पुत्र श्री राम यादव आदि द्वारा टीन शेड व मिट्टी पाट कर कब्जा कर लिया गया तथा बंजर गाटा संख्या 399 घ पर इरशाद उर्फ बब्बू पुत्र मोहम्मद मुस्तफा द्वारा इंडिया मार्का टू हैंड पंप को बाउंड्री वॉल बनाकर गेट लगाकर उस पर आक्रमण कर लिया गया जिससे ग्रामीणों को पानी पीने व इस्तेमाल करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ग्राम पंचायत में भू माफिया हावी हो चुके हैं जिसकी वजह से जल निगम पानी की टंकी स्वच्छ पेयजल के लिए जमीन का अनुपलब्ध होना,प्राथमिक विद्यालय हेतु पंचायत भवन,सामुदायिक शौचालय व सहकारी बीज गोदाम बारात घर हेतु जमीन के ना होने की वजह से विकास ठप पड़ा हुआ है प्रधान ने यह भी आरोप लगाया है कि राजस्व विभाग की टीम चकरोड, खेल का मैदान,श्मशान और कब्रिस्तान जैसी सुरक्षित भूमि पर भू माफियाओं की नजर गड़ी हुई है जिस पर संबंधित लेखपाल मेहरबान है प्रधान ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय के आदेश पी०आई०एल० नंबर 39/2022 की अवमानना व ग्राम पंचायतों के नियमों का घोर उल्लंघन हल्का लेखपाल द्वारा किया जा रहा है प्रधान ने बताया कि हल्का लेखपाल पिछले 3 साल से इसी ग्राम पंचायत में डाटे हुऐ है जो भू माफियाओं का बराबर साथ दे रहे है यहां तक कि ग्राम पंचायत प्रधान प्रतिनिधि राजीव कुमार तिवारी ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन से लेखपाल को तत्काल प्रभाव से हटाए जाने व निलंबन जैसी कार्रवाई करने की मांग की है बातचीत के दौरान संबंधित लेखपाल अरुण कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि जिस जमीन पर इरशाद उर्फ बब्बू के द्वारा अतिक्रमण किया गया है उस पर मेरे द्वारा धारा 67 के तहत कार्यवाही कर दी गई है वहीं पर प्रधान प्रतिनिधि राजीव कुमार तिवारी ने बताया कि लेखपाल के द्वारा धारा 67 के तहत कार्यवाही अगर कर दी गई है तो फिर भू माफियाओं का निर्माण कार्य आज भी क्यों जारी है ऐसे तमाम सवालों के साथ मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन से कार्यवाही की मांग करते हुए पत्रकारों को जानकारी दी।

कई सालों बाद जिले के लोकप्रिय डीएम ने सीतापुर नेत्र चिकित्सालय को पुनर्जीवित करने के लिए उठाये कदम : हो रही सराहना

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले में एक समय सिर्फ अयोध्या जिले में ही नहीं बल्कि आसपास के कई जनपदों में प्रसिद्ध सीतापुर नेत्र चिकित्सालय पिछले कई सालों से अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा था।जिसे एक बार नहीं बल्कि अनेक बार देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र व नव भारत चेतना न्यूज चौनल में प्रकाशित व दिखाया गया था। परंतु इस समस्या पर इससे संबंधित अधिकारियों का ध्यान नहीं जा रहा था।वही कई सालों बाद अयोध्या जिले के जिलाधिकारी नितीश कुमार व विधायक अयोध्या वेद प्रकाश गुप्ता का ध्यान इस गंभीर समस्या पर गया।इसके बाद उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा, नगर मजिस्ट्रेटध्सचिव सीतापुर नेत्र चिकित्सालय फैजाबाद अयोध्या सत्येंद्र कुमार सिंह, अपर नगर आयुक्त, सीओ सिटी, सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी, एक्स ई एन विद्युत व सीतापुर नेत्र चिकित्सालय ट्रस्ट के सदस्यों के साथ सीतापुर नेत्र चिकित्सालय फैजाबाद, अयोध्या को पुनर्जीवितध जीर्णोद्धार कर पुनः संचालित करने के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की तथा चिकित्सालय भवनध्परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया।इस बैठक में विधायक व जिलाधिकारी ने विगत कई वर्षो से बंद पड़े सीतापुर नेत्र चिकित्सालय को पुनः संचालित करने के दृष्टिगत चिकित्सालय भवन को आवश्यकता नुसार मरम्मत कराकर रंगाई– पुताई करने व बाउंड्री वाल बनाने में आने वाले खर्चे का आकलन कर शीघ्र स्टीमेट प्रस्तुत करने हेतु सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया।उनके द्वारा उठाए गए इस कदम से लोग उनकी सराहना करते हुए दिखाई देते नजर आये। इस मौके पर उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को रिटायर्ड एवं इच्छुक अच्छे चिकित्सकों व चिकित्सा स्टाफ का पैनल बनाने के निर्देश दिए जिससे शीघ्र अति शीघ्र ही चिकित्सालय में ओपीडी की सुविधा प्रारंभ की जा सके।इस दौरान विधायक द्वारा चिकित्सालय के पुनः संचालन प्रारंभ करने में स्वयं के साथ–साथ जन सहभागिता के साथ पूर्ण सहयोग करने हेतु आश्वस्त किया उन्होंने कहा कि नेत्र चिकित्सालय के पुनः संचालन हो जाने से जनपद में जरूरतमंदों को बेहतरीन चिकित्सीय सुविधाओं को प्राप्त करने का एक और सुगम स्थान प्राप्त हो सकेगा। इस बैठक के उपरांत जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों के साथ सीतापुर नेत्र चिकित्सालय के भवन एवं परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया गया।इस दौरान जिलाधिकारी ने नगर निगम को संपूर्ण चिकित्सालय परिसर को शीघ्र ही साफ–सुथरा कराने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि आगामी 2 से 3 माह में चिकित्सालय में ओपीडी सुविधाएं प्रारंभ किए जाने का प्रयास है उन्होंने कहा कि चिकित्सालय में अनुभवी चिकित्सकों द्वारा सस्ते दरों पर बेहतर चिकित्सीय सुबिधायें सुगमता के साथ उपलब्ध हो सकेंगी। इसी के साथ जिलाधिकारी ने चिकित्सालय के नियमित संचालन के हेतु आय के संसाधनों यथा विज्ञापन बोर्डों, एलइडी स्क्रीन व चिकित्सालय परिसर में बनाई गई दुकानों के माध्यम से भी आय समुचित व्यवस्था करने हेतु नगर मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया।जिलाधिकारी ने विद्यालय में पूर्व से मौजूद फर्नीचर को भी आवश्यकतानुसार मरम्मत व पॉलिसी कराकर ठीक कराने के निर्देश दिए।

फहरेगा हर घर तिरंगा : जगेगी देश भक्ति की भावना

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत दिनांक 11 अगस्त से 17 अगस्त, 2022 तक 'हर घर तिरंगा' अभियान चलाया जायेगा। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत समस्त सरकारी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, गैर शैक्षणिक संस्थानों, वाणिज्यिक इकाइयों के साथ–साथ प्रत्येक नागरिक को अपने–अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज को निर्धारित नियमों के तहत फहराने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। यह पहल 'आजादी का अमृत महोत्सव' का एक हिस्सा होगी जिसे 75 साल पूरे होने के जश्न के रूप में मनाया जाएगा।इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी नितीश कुमार द्वारा सात जुलाई 2022 को समस्त विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अपने–अपने विभागों से कार्ययोजना बनाकर तत्काल डीपीआरओ, अयोध्या को उपलब्धा कराने हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में जिला पंचायत राज अधिकारी शीतला प्रसाद सिंह ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 'हर घर तिरंगा' लगाए जाने के संबंध में समस्त पंचायत सचिवों/ग्राम प्रधानों, स्वयं सहायता समूहों, विद्यालयों, कोटेदारों एवं पंचायत सहायकों को निर्देशित किया गया है। उपरोक्त कार्य हेतु राष्ट्रीय ध्वज के निर्माण व आपूर्ति हेतु स्वयं सहायता समूहों को प्रशिक्षित करते हुए झण्डें बनाने के निर्देश भी दिये गये है। शासन द्वारा जनपद अयोध्या को 3 लाख 90 हजार झण्डे बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान अवधि में विभिन्न संस्थाओं में फहराये जाने वाले राष्ट्रीय ध्वज को पूरे सम्मानपूर्वक लगाया एवं सूरज डूबने से पहले तिरंगें झण्डें को सम्मान पूर्वक उतारकर रख लिया जायेगा । तिरंगे झण्डों की बिक्री समस्त कोटेदारों एवं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से किया जाएगा। पॉलिस्टर वस्त्र से बने 20"×30" की अनुमानित विक्रय मूल्य 25–30 रू0 एवं खादी/सूती वस्त्र से बने 20"×30" साईज के झण्डे का लगभग मूल्य 50–150 रू0 शासन से निर्धारित किया गया है। जिला पंचायत राज अधिकारी शीतला प्रसाद सिंह ने सभी ग्राम प्रधानों से अनुरोध किया गया है कि इस कार्यक्रम में बढ़–चढ कर हिस्सा ले एवं आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत कार्यक्रम हर घर तिरंगा को सफल बनाऐ। मुख्य विकास अधिकारी अनीता यादव ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी ग्रामों/वार्डो में जागरूकता हेतु तिरंगा रैली आयोजित की जायें जिसमें अधिक से अधिक व्यक्तियों द्वारा प्रतिभाग किया जाय। साथ ही ग्राम प्रधानों को अपने ग्राम पंचायत के शत–प्रतिशत घरों, दुकानों, कार्यालयों शैक्षणिक संस्थानों तथा नलकूपों इत्यादि स्थानों पर झण्डा फहराने के लिए लोगों को प्रेरित करें। उन्होंने सभी खण्ड विकास अधिकारी एवं एडीओ (पंचायत) को निर्देशित करते हुए कहा कि वह सफाई कर्मियों तथा ग्राम प्रधानों के माध्यम से इस कार्यक्रम की सफलता हेतु गाँव–गाँव पहुँच कर प्रचार प्रसार करें और साथ ही शहरी/नगर क्षेत्र में रहने वाले लोगों को जागरूक करके हर घर तिरंगा फहराने की जिम्मेदारी अधिशासी अधिकारियों को दी गयी है।

हाइवे की कार्यदायी संस्था से चुराया गया लोहा बरामद : दो गिरफ्तार

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) जनपद की कुमारगंज थाना पुलिस ने रायबरेली हाइवे के निर्माण में जुटी कार्यदायी संस्था के साइट से चोरी लोहा पुलिस ने बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक इस वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है।पकड़े गए आरोपियों का दर्ज मुकदमें में चालान किया है। बताया गया कि कार्यदायी संस्था पीएनसी के शिवनाथपुर साइट से निर्माण कार्य में इस्तमाल होने वाला लोहा तथा लोहे का सामान गायब हो गया था। प्रकरण में लिखित शिकायत कुमारगंज पुलिस को दी गई थी। सीओ मिल्कीपुर सत्येंद्र भूषण त्रिपाठी ने बताया कि शिकायत पर कुमारगंज पुलिस चोरी का मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन में जुटी थी।सोमवार को सटीक सूचना पर कुमारगंज स्थित नेमा का पुरवा मोड़ से बाइक के साथ प्रदीप यादव निवासी इटौंजा थाना कुमारगंज जनपद अयोध्या और अखिलेश कुमार यादव निवासी लाला का पुरवा डोभियारा थाना हलियापुर जनपद सुल्तानपुर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और शिवनाथपुर के पास पीएनसी के निर्माणाधीन ओवर ब्रिज का चोरी किया गया 253 किग्रा लोहा बरामद किया है। उन्होंने बताया कि प्रदीप के खिलाफ थाने में मारपीट, गाली–गलौच और धमकी तथा आबरू पर हमले का दो मुकदमा पहले से पंजीकृत मिला है। पुलिस ने बरामदगी की धारा बढ़ाते हुये दोनों आरोपियों का चालान किया है।

जनपद में आवारा मवेशी तथा वनरोज से खेती किसानी हो रही चौपट

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) उत्तर प्रदेश के जनपद में आवारा मवेशी तथा वनरोज खेती किसानी को पूरी तरह से चौपट कर रहे हैं ऐसे में झटका मशीन की उपयोगिता बढ़ी है। इस समय सरकार के निर्देश पर वन विभाग बागवानी को बढ़ावा देने में जुट गया है परंतु गौशालाओ में पेड़ नहीं दिखाई देता है योगी सरकार के पांच साल पूरे हो चुके हैं दूसरी पारी की सुरूआत है किसी एक जिले से पचास करोड़ के औषधि घोटाले की खबर ने सरकारी हल्के में हलचल मचा दिया है यदि गोवंश के नाम पर खजाने की लूट की जांच सीबीआई से करा दी जाए तो यूपी के तमाम सफेद पोसो का काला चेहरा बेनकाब हो जाएगा।आजकल गेहूँ 1800/–तथा भूषा 1200/–रूपये कुतल विक रहा है तो सरकार भले ही अपनी पीठ थपथपा ले कि किसानों को वाजिब मूल्य दिया जा रहा है परंतु सच्चाई विपरीत है किसान मटर अरहर मसूर चना की खेती नहीं करने सकते कयोकि वनरोज करने नहीं देंगे ऐसे में बाहर से दालों का आयात किया जाता है जिस तरह तीस रूपये का कच्चा तेल 90मे विक रहा है उसी प्रकार दलहन भी सरसों के तेल की हालत यह है कि पाम आयल में केमिकल डाल कर शुद्ध तेल सरकार के चमचे बेच रहे हैं।ऐसे में किसानों को उपभोक्ता बनने बचने के लिए गंभीरता से सोचना होगा।

बीकापुर में टोटी चोर सक्रिय : परिषदीय विद्यालय में चोरी की घटना को दिया अंजाम

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) आरोप के मुताबिक जिले के कस्बा बीकापुर में टोटी चोर सक्रिय हो गए हैं।बीकापुर बाजार में प्रयागराज हाईवे के किनारे खंड शिक्षा अधिकारी परिसर में संचालित अंग्रेजी माध्यम मॉडल परिषदीय प्राथमिक विद्यालय बीकापुर में रविवार की रात अज्ञात अराजक तत्वों ने परिसर में घुसकर तोड़फोड़ और चोरी की घटना को अंजाम दिया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका विद्या यादव द्वारा अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध बीकापुर कोतवाली में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में प्रधानाध्यापिका विद्या यादव का आरोप है कि रविवार की रात अराजक तत्वों द्वारा विद्यालय की टाइल्स और पाइप तोड़ डाला। पानी की टंकी तोड़ने का भी प्रयास किया गया। छात्र छात्राओं के पेयजल के लिए लगी करीब 12 हजार रुपए कीमत की पानी की 14 टोटी उखाड़ ले गए हैं। विद्यालय में 373 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। अराजक तत्वों द्वारा पेयजल की व्यवस्था ध्वस्त कर देने से बच्चों और शिक्षकों के सामने पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। इसके पहले भी विद्यालय में चोरी की घटना हो चुकी है। आशंका जताई जा रही है कि नशेड़ी किस्म के लोगों द्वारा नशे की लत पूरा करने के लिए चोरी और तोड़फोड़ करने की घटना को अंजाम दिया गया है। कोतवाली पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

प्रस्तावित भूमि से हटकर हो रहा गौशाला का निर्माण : उपजिलाधिकारी से शिकायत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) पीड़ित के मुताबिक जिले के मिल्कीपुर तहसील के हरिंगटनगंज ब्लाक की ग्रामसभा रेवना के अहिरण का पुरवा के आबादी क्षेत्र से सटी पशु चर गाटा संख्या–3088 रकबा 1.877 हेक्टेयर स्थित ग्राम की जमीन पर गौशाला का निर्माण जेसीबी द्वारा कराया जा रहा है।जबकि की गौशाला की पशुचर भूमि गाटा संख्या 351 रकबा 1.839 हेक्टेयर में प्रस्तावित थी जो प्रशासन को भ्रम में रखकर स्थल परिवर्तन कर दिया जा रहा है जिसके कारण ग्राम वासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ग्रामसभा रेवना के आयरन का पुरवा जिसकी आबादी लगभग 1000 हैं इतनी घनी आबादी में सटी गौशाला ग्राम वासियों के लिए संक्रामक रोग हुआ महिलाओं और बच्चों के लिए दुर्घटना का कारण बनेगी जबकि जबकि गौशाला निर्माण के लिए पूर्व में प्रस्तावित भूमि गाटा संख्या 351 रकबा 1.839 हेक्टेयर भूमि ग्राम सभा की आबादी से लगभग 500 मीटर दूरी पर है और पूर्णता सुरक्षित उपयुक्त है प्रस्तावित भूमि से हटकर निर्माण करने की वजह से ग्राम वासियों द्वारा लिखित प्रार्थना पत्र उप जिला अधिकारी मिल्कीपुर को दिया है उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर ने बताया कि जल्द ही कार्यवाही की जाएगी।

पुलिस के मुताबिक थाने के टाप टेन की सूची में शामिल गैगेस्टर आरोपी गिरफ्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जनपद की पूराकलन्दर थाना पुलिस ने एक गैगेस्टर आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसका नाम थाने के टॉप टेन की सूची में शामिल बताया। इस संबंध में सोमवार को सीओ अयोध्या डा. राजेश तिवारी ने बताया कि एसएसपी प्रशांत वर्मा के दिशा निर्देश पर जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत पूराकलंदर थाना पुलिस ने वाहन चेकिग के दौरान अरुवावा मोड से 32 वर्षीय संजय वर्मा निवासी निहाल का पुरवा थाना पूराकलन्दर को गिरफ्तार किया है। इसके खिलाफ वाद संख्या–8/2021 धारा 3(1) यूपी गैगेस्टर अधिनियम में स्पेशल जज गैगेस्टर की अदालत से गैर जमानती वारंट जारी हुआ था। साथ ही यह थाने का टाप टेन अभियुक्त है। उन्होंने बताया कि संजय वर्मा अपनी बाइक यूपी 42 बीडी 3018 अपाचे का मौके पर कोई कागजात नहीं प्रस्तुत कर सका। जिसके चलते पुलिस ने बाइक को धारा 207 एमवी एक्ट मे सीज किया है। वहीं आरोपी को न्यायालय रवाना किया जा रहा है।

पुलिस के मुताबिक दहेज हत्या के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जनपद की रौनाही थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र में दहेज की खातिर हुई एक विवाहिता की हत्या के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक पकड़े गये आरोपी का दर्ज मुकदमें में ने चालान किया है। इस संबंध में सोमवार को सीओ सदर एसके गौतम ने बताया कि एसएसपी के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत रविवार को रौनाही थाना पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में काटा चौराहा से 26 वर्षीय प्रदीप निवासी ग्राम थरेरु थाना रौनाही को गिरफ्तार किया है। मामले में रौनाही पुलिस में एक विवाहिता की मौत के बाद दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया था और दर्ज मुकदमे की विवेचन में जुटी पुलिस को प्रदीप की तलाश थी। उन्होंने बताया कि प्रकरण में अन्य आरोपियों की भूमिका को लेकर पड़ताल की जा रही है तथा पकड़े गये आरोपी का पुलिस ने दर्ज मुकदमा में चालान किया है।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।